प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 26.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार करेंगे साझा।
2. जेपीएससी की झारखंड पात्रता परीक्षा–जेट आज, रांची, बोकारो, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, देवघर और हजारीबाग के 430 केंद्रों पर सुबह 10 बजे से शुरू होगी परीक्षा।
3. रांची विश्वविद्यालय की कुलपति ने प्रशासन, विद्यार्थियों और कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय के लिए 'सीधा संवाद' कार्यक्रम शुरू करने का दिया निर्देश।
4. राजधानी रांची, पलामू, सरायकेला समेत राज्य के डेढ़ दर्जन जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार, आज से तीन दिनों तक कई हिस्सों में बारिश का पूर्वानुनमान।
5. रांची में चल रही झारखंड स्टेट सब–जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराटे चैंपियनशिप का आज दूसरा दिन, चार सौ से अधिक खिलाड़ी होंगे शामिल।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी से इस कार्यक्रम का क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारण किया जाएगा।

*********************

जेपीएससी की आज होनेवाली झारखंड पात्रता परीक्षा–जेट की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह परीक्षा आज सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। रांची, बोकारो, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, देवघर और हजारीबाग के 430 केंद्रों पर परीक्षा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल, डिजिटल वॉच और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पूरी तरह प्रतिबंधित रखने के निर्देश दिये हैं। इस बीच एडमिट कार्ड और रजिस्ट्रेशन को लेकर कुछ विसंगतियां पाई गई थीं। इस संबंध में झारखंड लोक सेवा आयोग की ओर से अधिसूचना जारी कर कहा गया है कि परीक्षा प्रवेश–पत्र में उल्लिखित पंजीयन संख्या ही मान्य होगी।

*********************

रांची विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफेसर सरोज शर्मा की अध्यक्षता में प्लेसमेंट सेल और पीआरओ सेल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें पिछले वर्षों की उपलब्धियों और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। प्लेसमेंट सेल के प्रोफेसर इंचार्ज डॉक्टर सुमित कुमार डे ने चार वर्षों के प्लेसमेंट रिकॉर्ड प्रस्तुत किया, जिस पर कुलपति ने संतोष जताते हुए सेल को और अधिक सक्रिय बनाने का निर्देश दिया। कुलपति ने विश्वविद्यालय की छवि मजबूत करने के लिए मीडिया और सोशल मीडिया पर सटीक एवं समयबद्ध सूचना प्रसारण पर जोर दिया। साथ ही प्रशासन, विद्यार्थियों और कर्मचारियों के बीच बेहतर समन्वय के लिए 'सीधा संवाद' कार्यक्रम जल्द शुरू करने के निर्देश दिए गए।

*********************

पूर्व मंत्री मिथलेश ठाकुर ने गढ़वा शहर थाना में भाजपा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। श्रीठाकुर ने कहा कि विधायक के बयान से उनकी छवि को ठेस पहुंची है।

इधर,विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर पर भी कई आरोप लगाए हैं।

*********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने महिला एवं बाल विकास तथा पोषण से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श किया।

इधर, तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह ने भी लोक भवन में राज्यपाल से भेंट कर अपने बेटे के विवाह के बाद आयोजित आशीर्वाद समारोह के लिए आमंत्रित किया।

*********************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने महिला आरक्षण विधेयक के खिलाफ वोट डालने के लिए इंडी गठबंधन पर निशाना साधा है।

श्री मरांडी राजधानी रांची में भारतीय जनता पार्टी के नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्ष के विरोध के खिलाफ महिला आक्रोश मार्च को संबोधित कर रहे थे।

*********************

हजारीबाग के चौपारण स्थित दनुआ घाटी में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी, जिससे कार में सवार 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दो पुरुष, एक महिला और दो छोटे बच्चे शामिल हैं। पुलिस अवर निरीक्षक रवि रंजन ने बताया कि इस दुर्घटना में कुछ लोग घायल भी हुए हैं, जिनका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि कार बिहार की ओर जा रही थी, इसी दौरान घाटी में पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार संतुलन खो बैठी और सीधे गहरी खाई में जा गिरी।

*********************

राजधानी रांची, पलामू, सरायकेला समेत राज्य के डेढ़ दर्जन से अधिक जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर चला गया है, जिससे राज्यभर में भीषण गर्मी पड़ रही है। पलामू का तापमान 44 दशमलव छह, सरायकेला का 42 दशमलव छह और रांची का तापमान 40 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

इधर मौसम विभाग ने रांची समेत देवघर, दुमका, गिरिडीह, पाकुड़, जामताड़ा, गोड्डा, साहिबगंज, रामगढ़, गुमला, हजारीबाग, धनबाद और कोडरमा में आज से अगले तीन दिनों तक गर्जन के साथ ओलावृष्टि, वज्रपात और तेज हवा चलने की संभावना जताई है। इससे तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

*********************

रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम, में 9वीं झारखंड स्टेट सब–जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराटे चैंपियनशिप–2026 का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ झारखंड के उप निदेशक राजेश कुमार ने किया और कहा कि ऐसे आयोजन खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर प्रदान करते हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न वर्गों में कई खिलाड़ियों ने पदक जीते, जबकि आज दूसरे दिन सब–जूनियर वर्ग की स्पर्धाओं में चार सौ से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे।

*********************

आई.पी.एल. क्रिकेट में कल रात जयपुर में सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया। राजस्थान रॉयल्स के 229 रन के जवाब में सनराइजर्स हैदराबाद ने 19 ओवर और तीन गेंद में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। एक अन्य मैच में नई दिल्ली में पंजाब किंग्स ने डेल्ही कैपिटल्स को छह विकेट से पराजित किया।

*********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राजकोष घोटाला और आईपीएल की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने राजकोष घोटाला पर लिखा है–चाईबासा में भी पैंतालीस लाख की फर्जी निकासी, सिपाही समेत चार हिरासत में।

दैनिक जागरण ने भाजपा के आक्रोश मार्च को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है, जिसका शीर्षक है–महिला आरक्षण पर कांग्रेस को देना होगा जवाब।

प्रभात खबर और हिंदुस्तान ने राज्य में पड़ रही भीषण गर्मी की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

*********समाप्त***********